## एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेना जरूरी

- आदेश के तीन माह की समय-सीमा के बाद पीएनजी उपलब्ध क्षेत्रों में एलपीजी आपूर्ति बंद का प्रावधान
- पीएनजी दर एलपीजी से सस्ती 55 .68 रुपए प्रति किलो बनाम 64 .30 रुपए प्रति किलो



**देवास।** जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश कुमार अहिरवार द्वारा बताया गया कि भारत सरकार के राजपत्र असाधारण प्राधिकार से प्रकाशित दिनांक 24 मार्च 2026 प्राकृतिक गैस ओर पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाईप लाईनों और अन्य सुविधाओं को बिछाने, निर्माण, संचालन और विस्तार के लिए) आदेश, 2026 जारी किया गया है। आदेश अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं को पाईप लाईन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने से देश भर के उन क्षेत्रों में एलपीजी की आपूर्ति किया जाना संभव होगा, जहां प्राकृतिक गैस पाइप लाइन नहीं है, वहां अतिरिक्त एलपीजी उपलब्ध हो सकेगी।

इस आदेश की कंडिका 4 (घ) के प्रावधान अनुसार नगर देवास के जिन क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस पाईप लाईन (पीएनजी) उपलब्ध है, उस क्षेत्र के घरेलू गैस एलपीजी उपभोक्ताओं को आदेश के जारी होने की दिनांक से 03 माह की समय-सीमा में पीएनजी गैस कनेक्शन लेना होगा। उक्त आदेश के जारी होने की दिनांक से 03 माह की समय-सीमा के पश्चात् संबंधित क्षेत्र के निवासियों के पते पर एलपीजी की आपूर्ति बंद किये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र देवास में गेल गैस कंपनी द्वारा पीएनजी गैस वितरण नेटवर्क (पाईप लाईन) विस्तार का कार्य एवं पीएनजी गैस कनेक्शन उपभोक्ताओं की रसोई तक लगाने का कार्य किया जा रहा है। घरेलू पीएनजी गैस की दर 55.68 रूपये किलोग्राम है, जबकि घरेलू एलपीजी गैस की दर 64.30 रूपये प्रति किलोग्राम है। प्रशासन ने शहरवासियों से अनुरोध है कि, यदि उनके निवास स्थान के समीप पीएनजी गैस पाईप लाईन उपलब्ध है तो घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्राप्त कर घरेलू गैस एलपीजी कनेक्शन को समर्पित कर दें ताकि, भविष्य में होने वाली असुविधा से बचा जा सकें।

## नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन बेडमिंटन प्रशिक्षण शिविर

**देवास।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा रोहित गुप्ता बैडमिंटन एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में 8 अप्रेल से 30 अप्रैल 2026 तक 23 दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन बेडमिंटन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे इंडोर बेडमिंटन हॉल में किया जा रहा है । जिला खेल अधिकारी सेना गडरिया के मार्गदर्शन में एनआईएस कोच व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रोहित गुप्ता द्वारा समस्त खिलाडियों को बेडमिंटन खेल का प्रशिक्षण और बारिकियाँ सिखाई जाएगी व साथ ही योगा, मैडिटेशन, फिजिकल फिटनेस का अभ्यास कराया जाएगा। इसी शिविर के माध्यम से टैलेंटेड खिलाडियो को आगे निरंतर रूप से प्रशिक्षण प्रदान कर राज्य व राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा। कैम्प में 19 वर्ष से कम उम्र वाले खिलाड़ी को ही भाग लेने की अनुमति रहेगी।

## मारवाड़ी महिला समिति का हनुमान चालीसा का पाठ



**सोनकच्छ।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन मध्यप्रदेश की अंचल प्रमुख मनीषा लाठी ने बताया कि दिनांक 2 अप्रैल गुरुवार को श्रीनाथ जी परिसर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति शाखा सोनकच्छ द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर हुई बैठक में दिनांक 7 अप्रैल को उज्जैन में होने वाले प्रांतीय शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिये चर्चा की गई। इस अवसर पर सोनकच्छ शाखा की प्रथम बीसी का भी आयोजन हुआ ।

इस अवसर पर मनोरंजक गेम का आयोजन भी हुआ जिसमें प्रथम पुरस्कार मनीषा शर्मा एवं द्वितीय पुरस्कार खुशबू मोदी ने प्राप्त किया ।इस कार्यक्रम में अध्यक्ष एकता दरक , उपाध्यक्ष रमा जाजू, पूर्व अध्यक्ष अरुणा भूतड़ा , निर्मला सोखिया प्रथम , निर्मला सोखिया द्वितीय , अनीता मूंदड़ा, सरोज सिकरवार एवं मनीषा शर्मा , अर्चना अग्रवाल, ललिता मेहता , संतोष गुप्ता , साधना अकोतिया , इंद्रा चंडक , खुशबू मोदी ,वैशाली जैन, सरिता पाटनी आदि बहनें उपस्थित रहीं। अंत में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### एक नजर में

## भाजपा जिला अध्यक्ष को मानद पीएचडी उपाधि



**देवास।** शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव को अमलतास विश्वविद्यालय द्वारा मानद पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया। शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव को डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी (मानद) उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक, सामाजिक सेवाओं, संगठनात्मक कार्यों तथा जनहित में किए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। अमलतास विश्वविद्यालय, देवास में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक एवं मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को उपाधि एवं मेडल वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और युवा अपने ज्ञान व कौशल के बल पर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में देवास विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, जिला महामंत्री राजेश यादव, सुरेश सिंह भदौरिया, मयंक राज सिंह भदौरिया, शरद चंद्र वानखेड़े, भेरुलाल अटारिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## मल्होत्रा धर्म और पुजारी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष



**देवास।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ऋचा गोस्वामी ने अखिलेश मल्होत्रा को धर्म एवं मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। अखिलेश मल्होत्रा की नियुक्ति पर ठा. जयसिंह प्रदेश महासचिव म.प्र. कांग्रेस कमेटी, मनोज राजानी प्रभारी मंदसौर, सलीम मामू, पोपसिंह परिहार, दिनेश बैरागी, डॉ. महेन्द्रसिंह ठाकुर, लुकमान अली, डॉ. रितेश शर्मा, पंकज वर्मा, विशाल मीणा, मलखानसिंह देवड़ा, धनसिंह बना आदि ने बधाई दी।

## श्री पंचमुखी धाम पर शिखर कलश स्थापना

**देवास।** हनुमान जयंती के दिन श्री पंचमुखी धाम आगरोद में श्री सीताराम हनुमान महायज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात शिखर कलश स्थापना की गई। सात दिवसीय महायज्ञ में विधि विधान के साथ कलश देवता को प्राण प्रतिष्ठित किया गया। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे संत महात्मा परम पूज्य मनमोहन दास जी महाराज वृंदावन, परम पूज्य दंडी स्वामी द्वारिका शारदा पीठ के पूज्य शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती महाराज जी के शिष्य पूज्य दामोदरानंद आश्रम स्वामी जी महाराज, बांगर के महंत श्री श्रीपाद अवधूत जी महाराज एवं पंचमुखी धाम के महंत श्री श्री कृष्ण गोपाल दास जी महाराज की उपस्थिति में कलश पूजन कर सभी शिखरों पर कलश स्थापित किए गए।

## जागेश्वर धाकड़ की 11वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**देवास।** सैनिक संगठन देवास द्वारा अमर शहीद जागेश्वर धाकड़ की 11वीं पुण्यतिथि पर बरोठा स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को नमन किया। कार्यक्रम में डीएसपी बबिता बामनिया ने शहीद जागेश्वर धाकड़ के पिताजी को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

उन्होंने शहीद को याद करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को ऐसे वीर सपूतों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं टीआई सविता जाटव ने कहा कि ऐसे माता-पिता धन्य हैं जिन्होंने देश के लिए अपने पुत्र का बलिदान दिया। इस अवसर पर राजोदा मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर, समाजसेवी प्रवीण ठाकुर (कालू), सिरोल्या सैनिक संगठन की टीम, बरोटा नगर के वरिष्ठजन एवं सैनिक संगठन देवास के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शिक्षक संवर्ग को चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान का आदेश

- मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने माना आभार

**देवास।** प्रांतीय अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता एवं समस्त प्रांतीय इकाई के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप शासन ने सहायक शिक्षकों,उ.श्रे शिक्षकों, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी कर दिये हैं। जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह सिसोदिया ने कहा कि आज मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के अनवरत प्रयासों से बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। साथियों अब संगठन की प्राथमिकता नवीन संवर्ग के प्राथमिक,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता तथा टीईटी से मुक्ति दिलाना है और इन दोनों कार्यों के निदान हेतु भी प्रांत अध्यक्ष डा. छत्रवीर सिंह के नेतृत्व में संगठन निरंतर प्रयासरत है। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि पूरे प्रदेश के शिक्षकों के सहयोग से यह मांग भी संगठन निश्चित रूप से पूरी कराएगा। देवकृष्ण व्यास वरिष्ठ मार्गदर्शक, उदलसिंह परमार संभागीय संगठन मंत्री, मार्गदर्शक शिवेश शर्मा, मोहन दास बैरागी जिला संगठन मंत्री, दिनेश सिंह सिसोदिया ज़िलाध्यक्ष, कमल कांत मेहता जिला सचिव, बसंत व्यास जिला मिडिया प्रभारी, सोहन पटेल कोषाध्यक्ष, दीपक शुक्ला, मनोज बजाज, भूपेन्द्र माली, राधा व्यास संभागीय सहसचिव एवं जिला इकाई देवास ने डा. क्षत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

## अस्ताया बने अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष

**देवास।** जिला कांग्रेस संगठन में महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए जिला पंचायत सदस्य बनेसिंह अस्ताया को अनुसूचित जाति विभाग का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी नियुक्ति मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार द्वारा की गई है। इस नियुक्ति में जिले के कई वरिष्ठ नेताओं की अहम भूमिका रही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह बघेल, प्रयास गौतम, मनोज राजानी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने खुले तौर पर उनका समर्थन किया। अस्ताया के



जिलाध्यक्ष बनने पर मिथुन यादव, जसपाल सिंह यशोना, गोपाल सिंह पटेल, धन्ना लाल बामनिया, विशाल, नीरज, आदि ने बधाई दी।

## लापता युवक का शव दो दिन बाद रेलवे पटरी पर टुकड़ों में मिला

- परिजन का आरोप गोपाल की हत्या की गई, हाइवे जाम किया



**सोनकच्छ।** दो दिन पहले बुधवार रात नौ बजे से लापता युवक का शव रेलवे पटरी पर टुकड़ों में मिला, परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक की हत्या की गई और दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर इंदौर भोपाल हाइवे पर शव रखकर आधे घंटे तक चक्काजाम कर दिया, पुलिस की समझाइश के बाद युवक का अंतिम संस्कार किया गया।

पुलिस के अनुसार मृतक युवक गोपाल पिता हिम्मत सिंह बागवान 34 वर्ष निवासी दोलतपुर थाना सोनकच्छ हाइवे पर स्थित पप्पू एंड पप्पू ढाबे पर पाप कान की दूकान चलाता है, बुधवार रात को नौ बजे घर से यह बोलकर निकाला था शादी में जा रहा हूं और ढाबे पर से ही प्रयागराज जाने वाली बस में बैठता है जिसका सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी है में दिखाई देता है। युवक गोपाल के छोटे भाई विनोद की रिपोर्ट पर सोनकच्छ पुलिस द्वारा गोपाल की गुमशुदगी दर्ज कर गोपाल की तलाश शुरू कर देती है। पुलिस को शुक्रवार दोपहर को सुचना मिलतीं है कि शाजापुर जिले के बेरछा रेलवे स्टेशन के पास एक युवक का शव अस्त व्यस्त हालत में मिला है और उसके पास आधार कार्ड मिला है जिस पर गोपाल बागवान नाम, फोटो और पता लिखा है, जिसके आधार पर सोनकच्छ पुलिस को सूचना दी गई।

सोनकच्छ पुलिस द्वारा तुरंत गोपाल के परिजनों को पुलिस थाने बुलाया गया और उन्हें साथ लेकर बेरछा रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां पर गोपाल के भाई और रिश्तेदारों ने शव की पहचान गोपाल के रूप में की गई। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम शाजापुर करवाया और शव परिजनों को सौंप कर मर्ग कायम कर लिया। शव को हाइवे पर रख चक्काजाम किया... गोपाल के इस तरह लापता होने और दो दिन बाद शव टुकड़ों में मिलने से नाराज़ परिजन और ग्रामीणों ने शुक्रवार शाम को जब शव गांव पहुंचा तो इंदौर भोपाल हाइवे पर जाम लगा दिया और पुलिस से मांग की गई कि गोपाल की हत्या हुई तथा दोषियों पर कार्रवाई की जावे, करीब आधे घंटे तक हाइवे जाम रहा बाद में पुलिस की समझाइश पर जाम खोला गया और अंतिम संस्कार किया गया। गोपाल की मौत घटना, दुर्घटना हैं या हत्या इन सब बातों के जवाब की तलाश है।

## खेड़ापति मंदिर में हवन में 1021 श्रीफल की आहुति डालकर सुख-शांति की कामना



**सोनकच्छ।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के ठाकुर सेरी स्थित श्री खेड़ापति मंदिर में हवन व पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे श्रद्धा भाव के साथ पूजा-अर्चना कर नगर की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन संपन्न कराया गया। जिसमें कुल 1021 श्रीफल की आहुति दी गई। हवन के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गुंजायमान रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पंडित अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि, श्री हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर यह हवन नगर की खुशहाली, शांति और समृद्धि के लिए किया गया है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संचार करते हैं। श्रद्धालु ने कहा इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से मन को शांति मिलती है और समाज में भाईचारा बढ़ता है। हवन के पश्चात आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

## अखंड रामचरितमानस पाठ, विशाल भंडारा

**देवास।** जय बाल हनुमान मंदिर, शिव शक्ति नगर, उज्जैन रोड, देवास में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर अत्यंत भव्य एवं दिव्य धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ।

आयोजन अंतर्गत 1 मार्च से मंदिर प्रांगण में श्री अखंड रामचरितमानस का संगीतमय पाठ प्रारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ सहभागिता की। भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चारण एवं प्रभु श्रीराम एवं बजरंगबली की महिमा से वातावरण पूर्णत: भक्तिमय हो गया। 2 मार्च को मानस पाठ का विधिवत समापन हुआ तथा हनुमान जन्मोत्सव का उत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर को आकर्षक सजावट से सजाया गया, जहां भक्तों की भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए । इस शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो दोपहर 12.30 बजे से शाम 6 बजे तक निरंतर चलता रहा। हजारों श्रद्धालु भक्तों ने प्रेमपूर्वक प्रसादी ग्रहण की और सेवा कार्य में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। देवास महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, एवं पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, समाजसेवी रमेश अग्रवाल, सामाजिक समरसता मंच के संरक्षक संजय शुक्ला, पार्षद प्रतिनिधि पप्पू जोशी, एवं अशोक गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

**एक नजर में** — एथलेटिक्स ट्रैक की सौगात देने पर विधायक गायत्री राजे पवार का किया सम्मान

## विधायक गायत्री राजे पवार ने किया ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ

**देवास।** प्रगति एथलेटिक्स क्लब एवं देवास जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन एवं विशेष सहयोगी खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 36 वे ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमंत गायत्री राजे पवार, कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज राजानी पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष, विशेष अतिथि अमरजीत सिंह खनूजा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन देवास, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ मदनलाल कहार, खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी रीना गडरिया द्वारा किया गया। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत प्रगति एथलेटिक्स क्लब के संचालक अनिल श्रीवास्तव, सचिव राजीव श्रीवास्तव, शिवनारायण टांडी, किरण बाला टांडी, तीरंदाजी के प्रशिक्षक निरंजन यादव, एथलेटिक्स कोच जितेंद्र गोस्वामी, धर्मेंद्र भदोरिया, भरत वर्मा, पवन यादव, विक्रम अवॉर्डी, रागिनी चौहान, पवन पाटिल, शैलेंद्र चंद्रवंशी, सुदामा शर्मा, भोजराज मालवीय, बैडमिंटन के रोहित गुप्ता, नवीन सोलंकी, गणेश पटेल, श्री राणा स्विमिंग कोच सौरभ कहार द्वारा किया गया। क्लब अध्यक्ष मनोज राजानी ने क्लब की जानकारी देते हुए बताया कि प्रगति क्लब वर्ष 1991 से निरंतर प्रतिवर्ष समर कैंप आयोजित करता आ रहा है और यहां से हर वर्ष 20 से 30 बच्चे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करते हैं एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी 15 से 20 खिलाड़ी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। क्लब को दो एकलव्य अवार्ड एवं एक विक्रम अवार्ड भी मिल चुके हैं। यहां के कई खिलाड़ी शासकीय विभागों में पदस्थ है और आपको बताते हुए यह हर्ष हो रहा है कि यह स्टेडियम सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों एवं प्रगति एथलेटिक्स के प्रयासों की ही देन है। वर्ष 2001 में यहां पर राष्ट्रीय सीनियर सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। उस समय देवास में ग्राउंड का अभाव था फिर हम लोगों ने आईटीआई की जगह पर जंगल को काटकर ग्राउंड बनाया था और मेरे प्राधिकरण अध्यक्ष बनते ही मैंने स्टेडियम के लिए सज्जन वर्मा के साथ मिलकर इस स्टेडियम का निर्माण करवाया। जिसमें क्लब के सभी खिलाड़ियों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। अनिल श्रीवास्तव एवं राजीव श्रीवास्तव की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार का आभार माना। श्रीमंत गायत्री राजे पवार ने कहा कि आज मे इस कार्यक्रम में आकर अपने आप को गोरांवित महसूस कर रही हूं । कोई भी संस्था निरंतर 36 वर्षों तक कार्य करते हुए खेलों के विकास में अपना संपूर्ण योगदान देती है तो वह संस्था विशिष्ट होती है। मैं आश्वासन देती हूं कि प्रगति एथलेटिक्स क्लब को कभी भी मेरे सहयोग की आवश्यकता होगी मैं हर समय सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार रहूंगी, मुझे खुशी है कि आज यहां छोटे-छोटे से बच्चे एवं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस शिविर मे भाग है ले रहे हैं और नए बच्चों को तैयार कर रहे हैं इससे देवास के खेल जगत का नाम विश्व पटल पर अंकित होने में देर नहीं लगेगी। अतिथियों द्वारा सृष्टि कहार का स्वागत किया गया जिन्होंने हाल ही में ट्राइबल गेम्स मे रजत पदक अर्जित कर देवास शहर का स्विमिंग में नाम रोशन किया है। प्रगति एथलेटिक्स क्लब द्वारा श्रीमंत गायत्री राजे पवार विधायक का एथलेटिक्स ट्रैक की सौगात देने पर सम्मान किया गया।


## कार्यालय जनपद पंचायत टोंकखुर्द जिला देवास

email id - ceotonk.270244@gmail.com

क्रमांक/2021 /मु.म.क.वि.नि./2026 — टोंकखुर्द, दिनांक 30/03/2026

### ई निविदा आमंत्रण सूचना

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत जनपद पंचायत टोंकखुद में दिनांक19.04.2026 को सामुहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाना हैं। जिस हेतु कार्यक्रम स्थल पर टेन्ट व्यवस्था,साउण्ड,लाईट,जनरेटर, कारपेट, कर्सी मंच सज्जा, अस्थाई शोचालय एवं भोजन की व्यवस्था हेतु निविदाकारों से http//mptender.gov.in पर मध्यप्रदेश के निविदाकारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण म.प्र. शासन के. ई-प्रोक्योरमेट पोर्टल http//mptender.gov.in ( विभाग का नाम Panchayat and Rural Development ) पर देखा जा सकता है।

| क्र | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ऑनलाईन टेण्डर क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजनांतर्गत जनपद पंचायत टोंकखुर्द में दिनांक 19.04.2026 को सामुहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु व्यवस्था | रुपये 03.00 लाख | रु 50000/- | रू.3000/- | 2026 _ DOPR_ 495992_1 |

उक्त कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 31.03.2026 को 9.00 AM एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11.04.2026 को 11.00AM एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 11.04.2026 को 11.00AM एवं ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक 13.04.2026 को 11.00 AM एवं इसके पश्चात वित्तीय निविदा दिनांक 13.04.2026 को खोली जावेगी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत टोंकखुर्द